कार्यालय प्रभारी, छात्र कल्याण
उ0प्र0 पं0 दीनदयाल उपाध्याय पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय
एवं गो–अनुसंधान संस्थान, मथुरा– 281001

संख्याः–429/प्र0छा0क0–दशमोत्तर छात्रवृत्ति/2025 दिनांकः–22 सितम्बर, 2025

# सूचना

विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालय पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय/फिशिरीज साइंस महाविद्यालय/डेयरी साइंस महाविद्यालय/जैव प्रोद्यौगिकी महाविद्यालय एवं पैरावैटेरिनरी साइंस संस्थान में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि इच्छुक छात्र/छात्रा दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति वर्ष 2025–26 के लिए ऑन–लाइन आवेदन उ0प्र0 समाज कल्याण के छात्रवृत्ति पोर्टल पर जाकर कर सकते हैं। छात्रवृत्ति से सम्बन्धित तिथि एवं अभिलेखों आदि के विषय में समस्त प्रकार की जानकारी छात्रवृत्ति पोर्टल पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त छात्रवृत्ति आवेदन हेतु जानकारी अध्ययनरत् छात्र/छात्राऐं किसी भी कार्य दिवस में अधोस्ताक्षरी कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते हैं।

अतः पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय/जैव प्रोद्यौगिकी महाविद्यालय/कॉलेज ऑफ फिशिरीज साइंस/कॉलेज ऑफ डेयरी साइंस एवं पैरावैटेरिनरी साइंस संस्थान के इच्छुक छात्र/छात्रा छात्रवृत्ति पोर्टल पर वर्णित तिथियों के अनुरुप छात्रवृत्ति आवेदन सम्बन्धी समस्त कार्यवाही समयानुसार पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे तथा आवेदन की कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात् उसकी हार्ड कॉपी समस्त अभिलेखों सहित 02 प्रतियों में अपने महाविद्यालयों एवं संस्थान में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

**प्रभारी, छात्र कल्याण**

पृ0सं0 /प्र0छा0क0–दशमोत्तर छात्रवृत्ति/2025 दिनांकः उक्त।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं इस अनुरोध के साथ कि उक्त सूचना को महाविद्यालयों एवं संस्थान में अध्ययनरत् छात्र एवं छात्राओं हेतु चक्रित कराने की कृपा करें।

1. अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा विज्ञान संकाय/स्नातकोत्तर शिक्षा/फिशिरीज साइंस/डेयरी साइंस/जैव प्रोद्यौगिकी, दुवासु मथुरा।
2. निदेशक पैरावैटेरिनरी साइंस संस्थान, दुवासु मथुरा।
3. कुलसचिव, दुवासु मथुरा।
4. समन्वयक, आई.क्यू.ए.सी. सैल, दुवासु मथुरा।
5. समस्त विभागाध्यक्ष द्वाराः अधिष्ठाता परास्नातक को इस अनुरोध के साथ कि उक्त के संदर्भ में परास्नातक के छात्र व छात्राओं को सूचित करने का कष्ट करें।
6. समस्त छात्रावास अधीक्षक/अधीक्षिका को इस आशय के साथ कि छात्रावासों में आवासित छात्र व छात्राओं को उक्त के संदर्भ में सूचित करने का कष्ट करें साथ ही प्रश्नगत सूचना को नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
7. प्रभारी ऐरिस सैल, दुवासु मथुरा को इस अनुरोध के साथ कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
8. समन्वयक आई.क्यू.ए.सी. सैल, दुवासु मथुरा।
9. निजी सचिव को माननीय कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।

**प्रभारी, छात्र कल्याण**

प्रभारी छात्र कल्याण
उ0प्र0 वैटेरिनरी विश्वविद्यालय, मथुरा